हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025

07 ठकुराइन संग जल विहार के लिए निकले ठाकुरजी...


08 भरी बरसात में निकले डोल विमान, भगवान...





## खबर संक्षेप

### धान बेचने पंजीयन 15 से 10 अक्टूबर तक होगा

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए पंजीयन 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किए जाएंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि निःशुल्क पंजीयन ग्राम पंचायत जनपद पंचायत तथा तहसील में स्थापित सुविधा केन्द्रों के साथ ही सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित केन्द्रों में किया जा सकेगा। जबकि सशुल्क पंजीयन एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र व निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबार कैफे से किया जा सकता है। तकनीकी समस्याओं के हल के लिए दल गठित किए गए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन हेतु पंजीयन 15 सितंबर के 10 अक्टूबर तक किया जाएगा।

### विनीत दांगी किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर विदिशा जिले के ऊर्जावान एवं सक्रिय नेता विनीत दांगी को किसान कांग्रेस विदिशा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया है।



### अभियान के तहत पोषण आहार सामग्री वितरित

**विदिशा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत प्रायवेट पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन विदिशा द्वारा बुधवार को 50 टीबी मरीजों को पोषण आहार सामग्री (फूड बास्केट) वितरित की गई। इस अवसर पर बताया गया कि वर्तमान में टीबी की दवा ले रहे मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला क्षय अधिकारी सहित एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी तथा बासौदा, विदिशा एवं सिरोंज इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा छात्रवृत्ति प्रदाय की जा रही है। स्कॉलरशिप पहले स्नातक पाठ्यक्रम डिग्री या डिप्लोमा सम्पूर्ण अवधि के लिए दी जाती है। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिए आवेदन अवधि के संबंध में बताया गया कि प्रथम चरण दस सितम्बर से 30 सितम्बर तक जबकि दूसरा चरण दस जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक मान्य किया गया है आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। आवेदन केवल अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप व्यवसायिक के माध्यम से ऑन लाइन स्वीकार किए जाएंगे।

### छात्रों को आपदा और बचाव से प्रशिक्षित किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले के सेठ शिताबराय लक्ष्मीचंद जैन कॉलेज में बुधवार को एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड विदिशा की टीम द्वारा एक विशेष आपदा प्रबंधन एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ मयंक कुमार जैन ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। एसडीईआरएफ टीम के विशेषज्ञ जवानों ने डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं सड़क दुर्घटना में बचाव के तरीके बताए।

## शहर के मंदिरों से निकाले विमान, रामलीला के सामने कलेक्टर-एसपी ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ढोल ग्यारस पर के प्रमुख मंदिरों से विमान निकाले गए। भगवान लड्डू गोपाल को विमान में विराजित कर जल विहार के लिए बेतवा नदी के तटों पर ले जाया गया। रामलीला पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने विमानों की पूजा अर्चना की।

गणेश विसर्जन के दौरान वात्सल्य स्कूल के बच्चों ने अनोखी पहल की। उन्होंने अपनी झांकी में धार्मिक भावना के साथ देशभक्ति का संगम किया। भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच एक स्कूल की झांकी ने सबका ध्यान खींचा। इस स्कूल में हर साल गणेश उत्सव पर विशेष झांकी निकाली जाती है। इस वर्ष झांकी का मुख्य विषय 'ऑपरेशन सिंदूर' था। बच्चों ने सेना की वर्दी पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने दर्शाया कि कैसे भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को जवाब दिया था।

गणपति बप्पा के जयकारों के बीच बच्चों का यह प्रदर्शन देख लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस अनूठी झांकी ने विदिशा के गणेश विसर्जन उत्सव की शोभा बढ़ा दी।





**विदिशा।** शहर के विभिन्न मंदिरों से निकाले गए विमान रामलीला रोड पर पहुंचे जहां कलेक्टर और एसपी ने पूजा अर्चना की। वात्सल्य स्कूल ने गणेश विसर्जन के दौरान दिया ऑपरेशन सिंदूर का संदेश।

### बैठक: कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## पाइपलाइन बिछाने के तुरंत बाद मरम्मत कराएं, टेस्टिंग समय पर करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव-गांव नल से घर-घर तक जल पहुंचाने जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित कार्यों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिले की सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामों में नल से जल पहुंचे इसके लिए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है अधिकारी, कर्मचारी, इंजीनियर और ठेकेदार पूरी लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करें और योजना के कार्यों को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में सड़क की कटिंग कर पाइपलाइन डालने का कार्य किया गया है। पाइपलाइन बिछाने के बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करें ताकि ग्रामीण जनों को आवागमन में असुविधा न हो, इस कार्य को प्राथमिकता से कराएं। साथ ही पाइपलाइन बिछाने के दौरान जो भी जरूरी टेस्टिंग है वह समय पर कर लें ताकि पाइप लीकेज सहित अन्य समस्याएं उत्पन्न ना हो पाएं। बैठक में जल निगम और पीएचई विभाग की पीपीटी का मय फोटोग्राफ्स प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित कार्यों व किस समय अवधि में योजना पूर्ण होगी से अवगत कराया गया।





**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

### एक सप्ताह में दो से तीन निरीक्षण करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी और इंजीनियर को निर्देश दिए की कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें और सप्ताह में दो तीन बार मौके पर पहुंचकर उक्त कार्यों की जांच करें। गुणवत्तापूर्ण कार्य हो इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने भी अधिकारियों व विभागीय अमले को आवश्यक निर्देश देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने पर जोर दिया। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जलकर वसूली हेतु स्व सहायता समूह के चिन्हांकन कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले के 149 ग्रामों में स्व सहायता समूहों का चयन कर लिया गया है। बैठक में जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिलाधिकारी, इंजीनियर मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की मिलावटखोरों पर कार्रवाई

## जांच के लिए रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के निर्देशानुसार जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि जिले में मिलावटखोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत के आधार पर मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई. पन्ना द्वारा गोयल धर्मशाला स्वर्णकार कॉलोनी स्थित महावीर ऑयल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में सुपर स्टार ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल की बड़ी मात्रा 250 मिली, 400 मिली, 1 लीटर, 2 लीटर एवं 15 लीटर पैक एवं जार विक्रय हेतु संग्रहित पाए गए। मिलावट की आशंका होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा उक्त ब्रांड के रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने नियमानुसार जांच हेतु एकत्रित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आगे की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



### पशुओं के अवैध परिवहन में लिप्त 2 वाहन राजसात

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन पर सख्ती बरतते हुए जब्त 2 वाहनों को राजसात करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत वाहन क्रमांक एमपी 40 एलए 1160 लोडिंग ऑटो टाटा एसी संचालक हसीन खां पुत्र हबीब खां निवासी मकान नं. 26/1 ग्राम बेरखेड़ी जैतू, थाना सिविल लाइन विदिशा तथा दूसरा वाहन एमपी 04 जीबी 0358 लोडिंग पिकअप बोलेरो संचालक राजकुमार उर्फ राजू गौर पुत्र भाईजी गौर निवासी ग्राम बाबई, जिला होशंगाबाद को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

## भंडारण में तेजी: समितियों में पहुंच रहा 861 टन डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी रबी फसल के लिए सहकारी समितियों में उर्वरकों का तीव्र गति से भंडारण शुरू हो गया है। रबी फसल की बुवाई में अभी 2 माह का समय है, किन्तु जिले की सहकारी समितियों में अभी से उर्वरकों का तीव्र गति से भंडारण शुरू हो गया है।

कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि जिले के सौराई रेक प्वाइंट पर बुधवार को एनएफएल डीएपी का रेक लगा हुआ है। इससे 861 मी. टन डीएपी सीधे समितियों में पहुंचाया जा रहा है ताकि कृषकों को डीएपी के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के निरन्तर प्रयासों के फलस्वरूप अब सौराई रेक प्वाइंट पर एनएफएल कंपनी के रेक आना शुरू हो गए है।

विगत कई वर्षों से एनएफएल कम्पनी का कोई अधिकृत परिवहनकर्ता न होने से एनएफएल उर्वरकों की रेक विदिशा नहीं आ रही थी जिससे जिले की खाद आपूति प्रभावित हो रही थी। अब एनएफएल के सौराई रेल हेड पर रेक आने से जिले की उर्वरक आपूर्ति निश्चित तौर पर बढ़ जाएगी।

सौराई रेक प्वाइंट से एनएफएल के विजयपुर प्लांट की दूरी मात्रा 200 किमी. होने से मात्र 8 घण्टे में यूरिया खाद के रेक विदिशा जिले को प्राप्त हो सकेंगे।

### ग्रामीणों की निजी भूमि पर वृक्ष कटाई की अनुमति ऑनलाइन

**विदिशा।** अब निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलॉइन की जाएगी। एक अप्रैल से किसी भी प्रकार का सरपंच द्वारा जारी किया गया ऑफलाइन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं स्वीकृति की प्रक्रिया से पंचायत के पदाधिकारियों, सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को संक्षिप्त में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करने की व्यवस्था क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पंचायत राज संचालनालय के संचालक सह-आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं समस्त जिपं सीईओ से पत्राचार कर उन्हें राजपत्र में प्रकाशित निर्देश अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षों को काटे जाने के लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया है।

## तेज बारिश से निचली बस्तियों में पानी भरा, शहर में चार इंच तक बारिश की चेतावनी, यलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मानसून की सक्रियता से झमाझम बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने जिले में ढाई से साढ़े चार इंच तक बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

बुधवार को हुई बारिश से शहर के मुख्य बाजार और निचली बस्तियों में पानी भर गया। इससे यातायात बाधित हुआ। गड्ढों और टूटी सड़कों पर जमा पानी से वाहन चालकों को परेशानी हुई। बड़े वाहनों से उछलता पानी और कीचड़ राहगीरों के कपड़ों को खराब कर रहा है। शहर में तेज बारिश की वजह से सड़क पर सिर्फ चार पहिए वाहन ही दिखे। एक जून से अब तक जिले में 1014.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1075.5 मिलीमीटर है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र तोमर के अनुसार, मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण बारिश जारी रहेगी। 3, 4 और 5 सितंबर को भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। 6 सितंबर से मौसम में सुधार की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आज अधिकतम 27 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। खराब सड़कों के गड्ढों में पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।





**विदिशा।** तेज बारिश के कारण शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है और चालक परेशान हैं।

### पुलिस बनी सीनियर सिटीजन की हमदर्द, कई प्रकरणों में हुई सुनवाई

## पुलिस पंचायत में फिर उजागर हुई समाज की उलझी हुई तस्वीरें, बुजुर्गों की समस्याओं का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बुधवार को एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में हुई।

पंचायत सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, अतुल शाह, आर कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन एवं विनोद शाह की उपस्थिति में विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई की गई। एक सीनियर सिटीजन महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका भतीजा मकान व दुकान पर कब्जा जमाए हुए है और उन्हें परेशान करता है। वहीं अनावेदक पक्ष ने दावा किया कि वह भतीजा नहीं बल्कि बेटा है तथा संपत्ति विवाद में अधिकार रखता है। दोनों पक्ष अपने तर्कों पर अड़े रहे। मामले की सच्चाई जानने पंचायत ने अन्य साक्षियों को अगली तिथि पर बुलाने का निर्णय लिया।



**विदिशा।** पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की सुनवाई करते हुए एडिशनल एसपी।

### पुलिस पंचायत में इस तरह के प्रकरण भी आए

एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी ने शिकायत की कि उनकी जीवनभर की संचित पूंजी अनुबंध और अटॉर्नी के नाम पर स्थानीय अनावेदक द्वारा हड़प ली गई है। दूसरी सुनवाई में पंचायत के परामर्श से दोनों पक्षों में समझौता हुआ और बुजुर्ग को मेहनत की कमाई वापस दिलाई गई। अपनी पूंजी लौटने पर बुजुर्ग ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। खजूरी मोहल्ला निवासी एक बुजुर्ग ने शिकायत की कि उनके परिजन उन्हें मारपीट और मुकदमे की धमकी देकर परेशान कर रहे हैं। पंचायत ने दोनों पक्षों को वैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर समझाया, जिसके बाद आपसी सहमति से मामला सुलझा और दोनों पक्ष खुशी-खुशी रवाना हुए। इसके अलावा एक रिटायर्ड प्रोफेसर ने अपने दोनों बेटों के बीच लगातार चल रहे विवाद को पंचायत में प्रस्तुत किया। पंचायत द्वारा मध्यस्थता का प्रयास किया गया। कुछ अन्य मामलों में पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। पुलिस पंचायत का उद्धेश्य सीनियर सिटीजन्स को सहयोग और न्याय दिलाना है, ताकि वे आत्मसम्मान और सुरक्षित माहौल के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

### आदि कर्मयोगी अभियान: आवासीय प्रशिक्षण आज तक

**विदिशा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है, जो शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाना, स्थानीय नेतृत्व को विकसित करना तथा प्रशासन को अधिक उत्तरदायी बनाना है। अभियान के धरती कार्यक्रम अंतर्गत विदिशा जिले में 86 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने मास्टर ट्रेनर्स एवं ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जा रहे हैं। विदिशा जिले में डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब के माध्यम से ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 2 सितम्बर से शुरू हुआ है जो 4 सितम्बर तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं कार्य-प्रणाली से परिचित कराना तथा उन्हें ग्राम स्तर पर प्रभावी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए सक्षम बनाना है।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2660
उच्चतम भाव-3245
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2780
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2546
उच्चतम भाव-2546
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5830
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2860
उच्चतम भाव-4655
सरसों
न्यूनतम भाव-6201
उच्चतम भाव-7800
मूंग
न्यूनतम भाव-2310
उच्चतम भाव-2310
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2330
उड़द
न्यूनतम भाव-5530
उच्चतम भाव-6600
अलसी
न्यूनतम भाव-6760
उच्चतम भाव-6760

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 2905 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**गंजबासौदा।** गत दिवस कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने तारण तरण जैन पाठशाला ग्राउण्ड पहुंचकर निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि कैंसर मरीजों के रुकने की व्यवस्था इस एनजीओ सुदर्शन समाज सेवा उत्थान समिति के माध्यम से की गई है जिसका निरीक्षण कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा करते हुए सराहना की गई।

### नगर में हुई तेज बारिश

**गंजबासौदा।** बुधवार को चौथे दिन भी नगर में दोपहर बाद कुछ देर तेज बारिश हुई। जिससे सड़कें पानी से भर गईं वहीं नाले, नालियों जल स्तर बड़ गया। बारिश से मौसम में ठण्डक घुल गई। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। उधर किसान भी इलाके में अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रथम नगर आगमन को लेकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पहली बार मुख्यमंत्री मोहन यादव का नगर आगमन आगामी 10 सितंबर को हो रहा है। इस दौरान वह कई विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन को लेकर सभा और आयोजन स्थल के चयन के लिए बुधवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के साथ नवीन कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। बारिश का मौसम देखते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभा स्थल का चयन किया जाना है। इसको लेकर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से भी मोबाइल पर चर्चा की। बताया गया है कि गुरुवार को कलेक्टर गुप्ता गंजबासौदा पहुंचेंगे और विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित सभा और आयोजन स्थल का जायजा लेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर में मुख्यमंत्री के प्रथम आगमन को लेकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई हैं। इसी को लेकर बुधवार को कृषि उपज मंडी एवं एसजीएस कॉलेज पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने मौका मुआयना किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीम संतोष बिटोलिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।





### गत दिवस मासूम के साथ एक ऑटो चालक ने किया था दुष्कर्म

# जघन्य वारदात पर जनता ने दिखाया आक्रोश, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस नगर में हुई शर्मनाक और जघन्य वारदात को लेकर नगर में आक्रोश नजर आया। बुधवार को सर्व समाज के नागरिकों ने बरेठ रोड से मार्च निकालकर इस घटना का विरोध दर्ज कराया। वहीं ऑटो यूनियन ने भी रेलवे स्टेशन से तहसील परिसर तक रैली निकालते हुए घटना पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इन दोनों रैलियों में शामिल लोगों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। उधर पुलिस ने भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

ज्ञात हो कि गत दिवस एक ऑटो चालक द्वारा पांच वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। जिसको लेकर बुधवार को नगर में भारी आक्रोश नजर आया और दोपहर बाद पन्ना मार्केट बरेठ रोड से सभी समाजों, वर्गों, दलों के नागरिकों ने एक साथ तहसील तक पैदल मार्च किया और इस घटना का विरोध करते हुए दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर ऑटो चालक की इस शर्मनाक और आपराधिक हरकत का ऑटो यूनियन ने भी विरोध किया और यूनियन सदस्यों ने भी रेलवे स्टेशन से तहसील परिसर तक रैली निकालते हुए दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की। इस मौके पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को त्वरित पकडना सराहनीय है, लेकिन पुलिस को नशे के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करना चाहिए। ऐसे मामलों में बाल संरक्षण आयोग को भी कार्रवाई करना चाहिए। पिछले दिनों त्योंदा क्षेत्र में भी एक छात्रा से छेडछाड हुई थी। यदि शीघ्र इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई या कदम नहीं उठाए गए तो हम अपने बच्चों का भविष्य गंवा देंगे। इसलिए जन जागरण के साथ ही ऐसे तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं ऑटो यूनियन ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। इस मौके पर बडी संख्या में नागरिक और ऑटो चालक मौजूद थे।





### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार




**गंजबासौदा।** इस जघन्य घटना पर थाना गंजबासौदा शहर में आरोपी के खिलाफ धारा 64, 64(2)(**M**), 64(2)(**F**), 65(2) **BNS** एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उपलब्ध साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना पर आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त किया गया और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में टीआई संजय वेदिया, एसआई राजेश कुमार मिश्रा, राधेश्याम यादव, प्रधान आरक्षक सुरेश रघुवंशी, आरक्षक अरुण छारी, सुमित अवस्थी, अभिषेक शुक्ला, महिला आरक्षक रानी कन्नौजिया, शिवानी मिश्रा एवं द्रोपती तिवारी की भूमिका रही।

# त्योंदा पुलिस ने भटके युवक को सुरक्षित परिजनों से मिलवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मंगलवार को दोपहर लगभग 1 बजे डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र में एक युवक अकेला और असहाय स्थिति में भटक रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी एवं डायल 112 ड्यूटी में लगे आरक्षक महेन्द सिंह तत्काल मौके पर पहुँचे और युवक को सुरक्षित थाने लेकर आए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना त्योंदा पुलिस ने एक सराहनीय कार्य कर समाज में पुलिस की संवेदनशील छवि को और मजबूत किया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम शिवम वर्मा उम्र 25 वर्ष, निवासी निषादगंज, लखनऊ उत्तर प्रदेश बताया। बातचीत से ज्ञात हुआ कि वह मानसिक तनाव से जूझ रहा है। थाना त्योंदा पुलिस ने ग्राम चौकीदार व स्थानीय सहयोगियों एवं शिवम वर्मा के मोबाइल की मदद से उसके परिजनों से संपर्क किया। मोबाइल नंबरों के माध्यम से जब परिवार से वीडियो कॉल पर बातचीत कराई गई तो बेटे, भाई को सुरक्षित देखकर उनके चेहरे पर खुशी और राहत के भाव साफ झलक उठे। परिजनों के अनुसार बताया गया कि शिवम लगभग 1 माह पूर्व गोवा में नौकरी करने गया था, जहाँ से वापस लखनऊ लौटते समय रास्ते में भटक गया। इसके बाद शिवम के परिजन लखनऊ से त्योंदा थाने पहुँचे और विधिवत सुपुर्दगी पंचनामा तैयार कर युवक को उनके हवाले किया गया। इस कार्य में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, भोगीराम मालवीय, अखिलेश शुक्ला, महेन्द्र, प्रवेश, अनिल एवं सतीश की विशेष भूमिका रही।

# इलाके भर में सामूहिक जल विहार को निकले विमान, हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री सनातन धर्मसेवा समिति के तत्वावधान में 34 वां नगर सामूहिक जल विहार महोत्सव विमानजी चल समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन बुधवार को मानस भवन परिसर पुराना मेला ग्राउण्ड में किया गया। जिसमें शाम के समय चल समारोह श्री राम जानकी मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकला। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, समाजसेवी कांतिभाई शाह, राजेश माथुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। चल समारोह के दौरान बजरंग व्यायामशाला अखाड़े के युवाओं ने एक से बढकर एक करतब दिखाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। प्रमुख मार्गों से निकले चल समारोह का मानस भवन पहुंचने पर समापन किया गया। जहां भगवान को जलविहार कराया गया। साथ ही रात्रि 8 बजे शुभांशु झा भजन पार्टी द्वारा भजन संध्या में रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं कस्बा बागरोद में भगवान जल विहार के लिए निकले। इस दौरान समर्थ गुरु, रामजी बाबा मंदिर समाधि स्थल से ग्राम का भ्रमण करते हुए भगवान कृष्ण कन्हैया करने के लिए ढोल ढमाकों के साथ निकले। इस दौरान जगह जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया गया। वहीं बेहलोट में भी जल विहार के लिए विमान जी निकले। उधर ग्राम स्यारी में भी विमानजी चल समारोह ग्राम के युवाओं द्वारा धूमधाम से निकाला गया।

# अब तहसील में कर्मचारियों को लगाना पड़ेगी ई-अटेंडेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील में बुधवार से सभी कर्मचारियों की ई- अटेंडेंस लगाना प्रारंभ हो गया है। तहसील में थंब मशीन लग गई है जो प्रारंभ हो गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद कर्मचारियों का तहसील में समय पर आना जाना हो सकेगा। पहले अटेंडेंस रजिस्टर में लगती थी। जिससे कर्मचारियों का आने और जाने का कोई समय निश्चित नहीं था। लेकिन अब थंब मशीन लग जाने से कर्मचारियों के आने जाने का समय नियत होगा और उनको अब समय पर ही आना पड़ेगा और समय पर ही जाना पड़ेगा। धीरे धीरे सभी विभागों में ई-अटेंडेंस लागू की जा रही है। अभी तक उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा और अब तहसील में ई- अटेंडेस लागू हुई है।

### झांकी स्थलों पर प्रतिदिन हो रहे अनेक आयोजन

# नगर में अनेक स्थानों पर विराजे भगवान श्री गणेश





**गंजबासौदा।** नगर में गणेशोत्सव की धूम है, इस दौरान बाल उत्सव समितियों द्वारा नगर में अनेक स्थानों पर गणेश जी की झांकियां लगाई गई हैं। इस बीच मीडिया कम्प्यूटर कॉलेज के गणेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान महाआरती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सहभागिता कर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, पार्षद अंशलेखा भावसार, कालेज के संचालक कमलेश शर्मा सहित कॉलेज की शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं। वहीं सुभाष निकेतन विद्यालय के गणेश उत्सव महा आरती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने पहुंचकर भगवान गणेश की पूजन अर्चन की। इस अवसर पर विद्यालय संचालक अखिलेश श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, सरिता रघुवंशी सहित छात्र, छात्राएं और विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद था। यहां उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव समितियों द्वारा मोहल्लों, प्रमुख स्थानों और गांवों में भी भगवान गणेश की झांकियां लगाई गई हैं। वहीं गणेशोत्सव के दौरान कई संस्थानों, कार्यालयों, बैंक शाखाओं आदि में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना कर झांकियां सजाई गई हैं। जिनमें प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी और संस्था सदस्य महाआरती कर रहे हैं।

# नवांकुर में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के अंतर्गत सांदीपनी विद्यालय राजेंद्र नगर, कमलदीप अकादमी, राइजिंग पब्लिक स्कूल, आचार्य विद्या वैली, तारण तरण जैन, भारत माता कॉन्वेंट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर, शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और नवांकुर व डॉल्फिन के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

आयोजन में 14 वर्ष से कम, 17 वर्ष से कम और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की 100 मी दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़ और 3000 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद, ऊँची कूद, त्रिकूद, शॉट पुट, डिस्कस, हैमर थ्रो, 100 मी हर्डल्स, 400 मी हर्डल्स आदि विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र कुमार जैन सहित विभिन्न विद्यालयों से खेल प्रभारियों कपिल गौड,चेतन माथुर, भूपेश अहिरवार, जयदेव, अनिकेत, गजेंद्र दांगी, मलखान सिंह बघेल, मोनिका जैन और अनय शर्मा ने योगदान दिया। इस अवसर पर नवांकुर व डॉल्फिन के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा और गौरव भारद्वाज उपस्थित थे। क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा ने प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब इन खिलाड़ियों में से ही जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। नवांकुर, डॉल्फिन विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव



**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव गुरुवार को सुबह 8 बजे बर्रीघाट रोड स्थित भगवान वामन की प्रतिमा पर विशेष पूजन-अर्चन आरती कर प्रसाद वितरण कर मनाया जाएगा। भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव समिति ने अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## जगह-जगह भक्तों ने उतारी आरती, एक झलक पाने आतुर हुए श्रद्धालु

# ठकुराइन संग जल विहार के लिए निकले ठाकुरजी, लोगों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





बुधवार को रिमझिम बारिश के बीच चांदी व लकड़ी के कलात्मक विमान में सवार होकर ठाठ-बाट से जब ठकुराइन के संग ठाकुरजी जल विहार को निकले तो दर्शन की एक झलक पाने को आतुर श्रध्दालु की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों से विमान जुलूस निकाले गए। इस दौरान शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में श्रध्दालुओं ने भाग लिया। शाम पांच बजे से मंदिरों से परंपरा के अनुसार विमानों में विराजमान भगवान की मूर्तियों को जल विहार के लिए नगर के प्रमुख मार्गो से कैथन नदी के त्रिपुरी सुन्दरी घाट पर ले जाया गया। यहां पर भगवान की महाआरती एवं विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। देर रात तक त्रिपुरी सुन्दरी घाट पर श्रध्दालुओं का ताता लगा रहा। वही नगरवासियों ने विमानों में विराजमान भगवान का पग-पग पर आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। विमान रामलला पथ,कठाली बाजार,मुख्य सराफा बाजार,ढाल बाजार,सिनेता चौराहा,मामा भांजा पथ से होते हुए त्रिपुरी सुन्दरी घाट पहुंचे। विमानो की अगवानी डोल,लंगाडे सहित विभिन्न बाजंयत्रों से की जा रही थी। इस बीच श्रध्दालु झूमते गाते हुए चल रहे थे।

### आर्कषक का केन्द्र रहे विमान

ज्ञात हो कि शहर के प्रमुख लगभग 16 मंदिरों से निकाले जाने वाले विमान नगर में आकर्षक का केन्द्र रहे। मंदिर समितियों के सदस्यों ने भगवान के विमानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शहर के देवाधिदेव मदन मोहन सरकार, रामलला सरकार, द्वारिकाधीश, लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित दर्जन भर मंदिरों से आए डोले नगर के मुख्य बाजार से निकाले गए। जिन्हें श्रद्धालु घंटो टकटकी लगाए देखते रहे। इस आयोजन का स्वरूप और दायरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। यह उत्सव सिरोंज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन गया है। वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार विमानों में विराजमान भगवान की मूर्तियों को जल बिहार के लिए नगर के वार्ड क्रमांक 19 पचकुईया स्थित कैथन नदी के त्रिपुरी सुन्दरी घाट पर लाया जाता है। यहां पर भगवान की महाआरती एवं विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। तो वही आकर्षक रूप से सजाए गए विमानों व ठाकुर जी के दर्शन के लिए देर रात तक त्रिपुरी सुन्दरी घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। त्रिपुरी सुन्दरी घाट पर देर रात्री तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे। तो वहीं नगर के प्रमुख चौक-चौराहों सहित केथन नदी घाट पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### करतब कला का किया प्रदर्शन

विमानों के दौरान चल समारोह में अलग-अलग टोलियों में भक्त भगवान के भजनों की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। शहर सहित ग्रामीण अंचलों से आईं विभिन्न सांस्कृतिक कलाकरों की टोलियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्य चकित कर दिया। कई जगह तो अखाड़े के पहलवानों के हैरतअंगेज करतबों को लोग टकटकी लगाए देखते रहे। इन करतवों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। तो वही भगवान के जल बिहार कराने के पश्चात मुख्य सराफा बाजार में रातभर विमानों को रोका गया। इस दौरान शहर सहित अंचलो से आई विभिन्न मंडलियों द्वारा रातभर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान देर रात तक मुख्य बाजार में श्रध्दालुओं की भारी चहल-पहल रही। वही पुलिस प्रशासन की इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पेनी नजर रही।

## जयमाल व फूलमाल कार्यक्रम का आयोजन

# पचखनी जैन मंदिर में हुआ वार्षिक महोत्सव शांतिधारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जैन समाज के पर्युषण महापर्व के शुभ अवसर पर सुगंध दशमी के दिन श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन पचखनी मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव शांतिधारा जयमाल एवं फुलमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज उपस्थिति रही एवं श्रावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तो वही प्रथम शांतिधारा श्रावक श्रेष्ठी विमल कुमार,संजय कुमार,आशीष कुमार,अक्षत आर्जव वाणी जैन सियलपुर परिवार एवं द्वितीय शांति धारा कोमलचंद, सतीश कुमार, यश कुमार, जय गोहिल परिवार एंव फुलमाल का सौभाग्य विमल कुमार, संजय कुमार, आशीष कुमार, अक्षय आर्जव वाणी जैन एवं ज्ञानमल का सौभाग्य प्रकाश चंद, राजकुमार मिशू सिद्धार्थ एवं समस्त गुलाबगंज परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन पंचखनी मंदिर ट्रस्ट ने सभी लोगों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया।

## आईजा के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक शैलेन्द्र जैन से की मुलाकात, कार्यक्रम में शामिल होने किया आमंत्रित



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारो का महा सम्मलेन में आमत्रित हेतु आईजा के एक प्रतिनिधि मण्डल ने सागर पहुचकर सागर विधायक शैलेन्द्र जैन से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमत्रित किया। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने सहहर्ष पत्रकारो के महासम्मेलन में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की। ज्ञात हो कि ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारो का महा सम्मलेन 5 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में आयोजित होने जा रहा है। आईजा द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय पत्रकारो के महा सम्मेलन में 5 अक्टूबर को तीर्थ चतुवर्ती गुरुवर जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के जैन पत्रकार एंव प्रथम बार महिला पत्रकार बडी संख्या में पधार रहें है। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश की विभिन्न पत्रकारिता जगत से जुडी हस्तियो के साथ देश के राजनेता,आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। इस पत्रकारो के सम्मेलन में जीव दया,जैन तीर्थ क्षेत्रो की रक्षा व सुरक्षा के साथ वर्तमान समय में पत्रकारो को कवरेज करते समय उनकी रक्षा और सुरक्षा,जैनत्व संस्कारो का संरक्षण कैसे आदि को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए अपने तर्क



**सिरोंज।** श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर चल रहे श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में मंगलवार को रात्रि में एक देश एक चुनाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का अयोजन हुआ। इसमें नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर प्रभाव ढंग से उक्त विषय पर अपना पक्ष-विपक्ष प्रस्तुत किया। श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस एक देश एक चुनाव वाद-विवाद प्रतियोगिता में देर रात्रि तक पक्ष एवं विपक्ष के प्रतिभागी एक दूसरे पर हावी दिखाई दिये। इस दौरान देश की संसद एवं राज्य सभा जैसा नजारा देखने को मिला। जिसमें शहर के लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना तर्क विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पक्ष में तर्क देते हुए बहुत से प्रतिभागियों ने बताया कि देश में एक साथ चुनाव होने से हमारे देश का पैसा एवं समय दोनों की बचत होगी। वहीं विपक्ष के प्रतियोगियों ने इस बात को नकारते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव होने से मतदान प्रक्रिया प्रभावित होगी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के प्रभावी सम्प्रेषण एवं आकर्षक प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक समिति ने प्रतियोगिता के पक्ष वर्ग में अनुज कुर्मी को प्रथम, कु. प्रत्यंचा रघुवंशी को द्वितीय एवं अंशुल शर्मा को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया। वहीं विपक्ष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पर कु. उमा पाल को प्रथम आर्यन साहु द्वितीय एवं कर्णिका दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बामन द्वदशी पर बालाजी मंदिर में कार्यक्रम आज

**विदिशा।** बामन द्वदशी के अवसर पर आज बालाजी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पंडित जर्नादन चतुर्वेदी ने बताया कि इस मौके पर भगवान बामन देव की विशेष पूजा अर्चना और आराधना की जाएगी। मंदिर में भजन और विशेष आरती होगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान बामन ने अपने तप से समस्त शक्तियों को प्राप्त किया था। इसलिए उन्हे देव के रूप में पूजा जाता है। भक्तों से धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## मानव सेवा न्यास ने भोजन के पैकेट और साड़ियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



26 वर्षों से लगातार मानव सेवा के कार्य करती आ रही है संस्था मानव सेवा न्यास ने डोल ग्यारस के अवसर पर मानव सेवा न्यास भवन में 200 साड़ियां का गरीब महिलाओं वितरण किया। भोजन के पैकेट भी बांटे गए। इस अवसर पर अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, संस्था अध्यक्ष रमेश चंद्र मंगल, सचिव श्रीमान सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अग्रवाल, संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्याम बिहारी भार्गव, संजय अग्रवाल, निशिकांत बोलबलकर, अनीता बोलबलकर, रोहित गर्ग, मैनेजर भगवान सिंह रघुवंशी आदि उपस्थित रहे। 21 सितंबर को पितृ मोक्ष अमावस्या के उपलक्ष में बेडशीट का वितरण किया जाएगा। आने वाली सर्दियों में कंबल का वितरण भी संस्था द्वारा किया जाएगा।

## सीहोर में रोजगार मेला 9 को होगा आयोजित

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे।

**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पौआनाला**

पंजीयन क्रमांक-327 दिनांक 15-11-1988 दिनांक.04/09/2025

**वार्षिक आमसभा**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पौआनाला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को समय 11:00 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन, हलाली नर्सरी सलूस पर रखी गई है। अतः समिति के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

निर्धारित समय में कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक आरम्भ की जायेगी, जिसमें गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा।

अध्यक्ष
श्री कोमल सिंह मीना
प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित पौआनाला, जिला विदिशा (म.प्र.)

**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पुरा**

पंजीयन क्रमांक-330 दिनांक 15-11-1988 दिनांक.04/09/2025

**वार्षिक आमसभा**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पुरा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 19/09/2025 दिन शुक्रवार को समय 11:00 बजे स्थान समिति कार्यालय पुरा पर रखी गई है। अतः समिति के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। निर्धारित समय में कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक आरम्भ की जायेगी, जिसमें गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा।

अध्यक्ष
अमोल सिंह आदिवासी

प्रबंधक
कन्छेदीलाल रजक

**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा**
**प्रधान कार्यालय तिलक चौक विदिशा (म.प्र.) 464001**
**अचल सम्पत्ति की बिक्री / नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

वित्तिय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पुनर्गठन या प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002 के सेक्शन 13 (4) के पठित नियम 8(6) के अन्तर्गत बैंक में बन्धक रखी अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये नीलामी सूचना

ऋणकताओं को विशेष रूप से तथा और सर्वसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहन कर लिया गया है। सम्पत्तियों की ब्रिकी जो है जैसी है, जहां है जैसी है तथा जो कुछ भी है के आधार पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से की जावेगी। भार सहित शर्त यदि कोई हो (बैंक की जानकारी में कोई भार नहीं है) नीलामी दिनांक 07.10.2025 को दोपहर 2.00 बजे बैंक भवन, तिलक चौक, विविशा (म.प्र.) पर की जायेगी।

नीलामी दिनांक 07 अक्टूबर 2025 धरोहर राशि (ईएमडी) जमा दिनांक 06 अक्टूबर 2025

| स. क्र. | ऋणी/ जमानतदार का नाम और पता | अचल संपत्तियों का विवरण | ऋण खाते का विवरण | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | प्रतीकात्मक/ भौतिक कब्जा | आरक्षित मूल्य रू.ईएमडी रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री परसराम प्रजापति पुत्र श्री लीलाधर प्रजापति (ऋणी) श्रीमती रेखा प्रजापति पत्नि श्री परसराम प्रजापति (जमानतदार एवं प्रतिभूतिकर्ता) श्री निश्चय चक्रवर्ती पुत्र श्री विजय चक्रवर्ती (जमानतदार) | वार्ड नं.-17 कुम्हार गली, निकासा रोड, नगरपालिका सीमा अन्दर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित दुकान । जिसका क्षेत्रफल 10 फिट 2 इंच वाय 6 फिट कुल क्षेत्रफल 61.2 वर्ग फिट अर्थात 5.68 वर्ग मीटर है । जो कि कस्बा विदिशा के प.ह.नं. 60 में स्थित नजूल सीट क्र-4 सर्वे नं 2127 का अंश है। पूर्व में कुम्हार गली, पश्चिम में- सुनील मेहरोलिया का मकान ,उत्तर में- शशिबाई का मकान एवं दक्षिण में- अशोक प्रजापति का मकान है। | 1- ओवर ड्राफ्ट क्र. - 001138201000054 | दिनांक 31.05.2024 राशि रू. 1348541.00 | भौतिक कब्जा | धरोहर राशि (EMD) रू. 50000.00<br>सुरक्षित मूल्य (Reserve Price) रू. 500000.00<br>न्यूनतम बोली वृद्धि रू. (Minimum Icremetal Amount ) 10000.00 |

1 बोली में भाग लेने वाले प्रतिभागी को आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत धरोहर राशि अग्रिम रूम से जमा करना होगा। अधिकतम नीलामी धनराशि वाले बोलीकर्ता को सफल भोषित करते हुये असफल बोलीकताओं की धरोहर राशि बिना ब्याज के एक सप्ताह के अन्दर वापिस कर दी जावेगी।

2. सफल बोलीकर्ता को बोली राशि का 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि को मिलाकर) अगले दिन तक बैंक में जमा कराना होगा। खरीद राशि का शेष 75 प्रतिशत का भुगतान उनको बिक्री के लिए स्वीकृत/पुष्टि के 15 दिनों के अन्दर प्रत्येक दशा में जमा करना होगा। यदि सफल बोलीकर्ता शेष राशि निर्धारित अवधि में करने में जमा की करने असफल रहता है। तो उसके द्वारा जमा की गयी समस्त राशियां जब्त कर ली जायेंगी ।

3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कारण बताए अथवा पूर्व सूचना के सबसे ऊंची/समस्त निविदा को स्वीकार / अस्वीकार / स्थगित /निरस्त करने का अधिकार है। प्राधिकृत अधिकारी नीलामी कि तिथि को आगे भी बढ़ा सकता है।

4. प्राधिकृत अधिकारी विक्रय सम्पत्ति से संबंधित किसी चार्ज लिखत इनकम्बरेशन, टैक्स, सरकारी ड्यूस अन्य के प्रति जिम्मेदार नहीं होगा प्राधिकृत अधिकारी किसी प्रकार के तृतीय / अन्य पक्षकार के क्लेम अधिकार एवं देनदारियों के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा ।

अधिक जानकारी हेतु बैंक कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

**दिनांक : 03:09.2025**
**स्थान विदिशा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा**

## विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले बांके बिहारी

**ग्यारसपुर।** प्रतिवर्ष ढोल ग्यारस के अवसर पर बांके बिहारी मंदिर से निकलकर भगवान सभी भक्तों को दर्शन देने के लिए विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संजीव सोनी ने बताया कि प्राचीन परंपरा है। भगवान बिहारी राधा रानी के साथ नगर में विमान पर सवार होकर निकलते हैं और रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान को भोग प्रसाद ग्रहण कराते हैं, और आरती उतारते हैं, विमान के नीचे से श्रद्धालु और बच्चे परिक्रमा लगाते हैं। यह प्राचीन परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इसमें सभी नगर वासी बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। विमान में बांके बिहारी मंदिर से निकालकर मुख्य मार्ग से होते हुए रेंज के मंदिर से पहुंचते हैं यहां पर आरती प्रसाद वितरण के बाद भक्तों के घर रात्रि विश्राम के लिए पहुंचते हैं। नगर भ्रमण के दौरान ग्यारसपुर के सरपंच राजू कुशवाह पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह रघुवंशी, मंदिर के पुजारी आनंद स्वरूप दुबे मंडल मुकेश सोनी, प्रताप सिंह रघुवंशी,स्वदीप रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, गोविंद दास बैरागी, शेर सिंह अहिरवार, सियाराम सोनी, बाबूलाल कुशवाह, रामदयाल कुशवाह, सुनील कुमार चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर कल होगा हवन और भंडारा

**विदिशा।** गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, हवन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह चौहान के साथ बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर शामिल होंगे। हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन होगा। बाढ़ वाले गणेश मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बतया कि 5 सितंबर, शुक्रवार दोपहर 12 बजे से बाढ़ वाले गणेश मंदिर रंगई पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## परिवर्तनीय एकादशी पर हुई उदयगिरि परिक्रमा, 20 किमी पैदल चले श्रद्धालु

**विदिशा।** भाद्रपद शुक्ल परावर्तनी एकादशी पर उदयगिरि परिक्रमा का आयोजन हुआ। मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के तत्वाधान में आयोजित होने वाली परिक्रमा में भरी बरसात में भक्तों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ की। बारिश होने के बावजूद लोगों ने 20 किलोमीटर की पैदल यात्रा भगवान का संकीर्तन करते हुए पूरी की। वैत्रवती के विभिन्न घाटों का पूजन करते हुए ध्वज लेकर भक्ति चलते रहे। परिक्रमा का उद्देश्य जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण है। परिक्रमा में प्रमुख रूप से रघुवर दयाल उपाध्याय सरदार कुशवाह, शैलेंद्र मोड, ऋषभ तिवारी, विनोद श्रीवास्तव, रामगोपाल दुबे, कल्याण सिंह राजपूत, सरपंच सोनू कुशवाह, भुजबल विश्वकर्मा, रामगिरी कल्याण सिंह राजपूत, सरदार सिंह रघुवंशी, लालाराम ठाकुर, मोहर सिंह कुशवाह, रूप सिंह साहू, मूलचंद कुशवाह, खुमान सिंह, देवी राम साहू, प्रणव श्रीवास्तव, विकास कुशवाह आदि भक्तों के द्वारा परिक्रमा की गई एवं सैकड़ों की संख्या में लोग इसमें शामिल थे। यह जानकारी परिक्रमा के संचालक पंडित संजय पुरोहित द्वारा दी गई।

# प्रेरणा मंच की गोष्ठी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




धनी प्रेरणा मंच की गोष्ठी डॉक्टर दीप्ति शुक्ला के सौजन्य से आयोजित की गई।


गोष्ठी के आरंभ में डॉक्टर कमल चतुर्वेदी के दूसरे उपन्यास और नदी लौट आई के लोकार्पण की योजना पर चर्चा की गई। डॉक्टर कमल चतुर्वेदी ने कहा कि सुबह के सुखद पल हमारे जीवन में नई ऊर्जा लेकर आते हैं और सुबह की एक पहचान बनी रहती है। उन्होंने अपनी कविता आज की यह सुबह कुछ खास है, क्योंकि यह बारिश की भोर प्रीत का पहाड़ा रटने लगी है। भोर के मीठे एहसासों को रेखांकित करती हुई कुसुम तोमर ने अपनी रचना सुबह के नए एहसासों के अपने अनुभव सुनाए। संतोष नामदेव ने अपनी सुबह को समर्पित रचना के माध्यम से विचारों की शुद्धता और कर्म की प्रधानता को महत्व दिया। सुमन मंडोरिया ने हर सुबह प्रकृति की शुरुआत है, रितु देवलिया ने हर सुबह के भिन्न एहसासों को रेखांकित करती अपनी कविता सुनाई। डॉक्टर रेखा श्रीवास्तव ने खाली होते नीड़ कविता के माध्यम से घरों के सूने पन को व्यक्त किया। डॉक्टर रीता शर्मा ने हर सुबह के साथ नए संकल्पों पर जोर दिया।

पंडित सुशील शर्मा ने नित्य प्रति नई ऊर्जा से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए अपनी रचना नई सुबह नई शुरुआत प्रस्तुत की। छाया नामदेव ने अनसुलझी सुबह कविता के माध्यम से जीवन की जटिलताओं को व्यक्त किया। ज्योति जाधव ने सुबह जल्दी उठने की बात कही। माया सिंह ने सुबह को प्रकृति का वरदान बताते हुए प्रेरक प्रसंग सुनाया। जागृति अवस्थी ने उस सुबह को साकार किया जब भगवान राम को वनवास की ओर प्रस्थान करना था। शिखा शर्मा ने गीत प्रस्तुत किया।


रायसेन। शहर के ठाकुर मोहल्ला में रिद्धि-सिद्धि के साथ विराजे भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में विराजे गणपति बप्पा


रायसेन। मढ़ईपुरा में विराजमान भगवान लंबोदर।


रायसेन। शहर के श्रीरामलीला मैदान के पास स्थापित झांकी पांडाल में बाल गणेश को पालने में झुला रहीं मां गौरा।


रायसेन। वीणावादिनी मंगल मूर्ति गोल्डन सिटी।

**खबर संक्षेप**

### विकास को लेकर निकाय मंत्री विजयवर्गीय से मिले विधायक प्रति. जमना सेन



**रायसेन।** विधायक प्रतिनिधि जमना सेन एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरीय निकाय एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से की मुलाकात। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका के नवीन कार्यालय भवन के लोकार्पण के लिए समय प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही रायसेन नगरीय क्षेत्र के बहुआयामी विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने नगर के विकास कार्यों के लिए आवश्यक राशि आवंटित करने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सहयोग देने का निवेदन भी किया गया।

### जिनालय में श्रद्धालु कर रहे पूजन और अभिषेक

**सिलवानी।** स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सियरमऊ ग्राम में स्थित जैन मंदिर में सुबह से देर रात तक णमोकार महामंत्र के जयकारे गूंजायमान हो रहे हैं। दस लक्षण पर्व समाजजनो के द्वारा उमंग, आस्था, निष्ठा के साथ मनाया जा रहा हैं। यहां पर प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, पूजन किया जा रहा हैं, साथ ही जैन ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र का वाचन भी किया जा रहा हैं। रात्रि के समय भक्ति पूर्वक आरती की जा रही है इसके अतिरिक्त पाठशाला के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जा रही हैं। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में समाजजन सहभागिता कर रहे है।

**डोल ग्यारस : दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शहर में निकले 12 विमान**

# भरी बरसात में निकले डोल विमान, भगवान लड्डू गोपाल ने किया नगर भ्रमण, कराया जल विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार की शाम डोल ग्यारस अर्थात जल झूलनी एकादशी श्रद्धाभक्ति के माहौल में मनाई गई। डोल ग्यारस पर शहर सहित अंचल में रिमझिम बारिश के दौरान भगवान के बालमुकुंद के डोल विमान निकाले गए। रायसेन शहर में नगर के एक दर्जन देवी-देवताओं के मंदिरों से डोल विमानों का गाजे-बाजों के साथ चल समारोह निकला। श्रीरामलीला ग्राउंड के शिव मंदिर प्रजापति समाज मंदिर एवं धर्मशाला से बैंडबाजों के साथ डोल विमानों का चल समारोह प्रारंभ हुए। डोल विमानों का साधु संतों के सानिध्य में पूजन-अर्चना की।

इस चल समारोह में शहर के प्रमुख अखाड़े भी शामिल हुए। विमानों का चल समारोह श्रीराम लीला मैदान से शुरू हुआ जो आशा मेडिकल स्टोर, पुराना बस स्टैंड महामाया चौक भारत-माता चौराहा, गंजबाजार माता महाकाली मंदिर से एसडीओपी आफिस रोड़ गवोईपुरा से तिपट्टा बाजार से दुर्गा चौक से इंडियन चौराहा पहुंचे। इसके बाद प्राचीन मिश्र तालाब तट पर पहुंचकर चल समारोह का समापन हुआ। वहीं भगवान लड्डू गोपाल को जलविहार कराया गया।

## श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

बुधवार को जलझूलनी एकादशी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी जलझूलनी एकादशी पर शहर में होकर भगवान बालमुकंद डोल विमानों की शोभायात्रा निकली। विमानों की शोभायात्रा विमान में शहर से होकर जल बिहार के लिए पहुंचे और भगवान को जल विहार करवाया गया। श्रद्धालुओं ने किए भगवान कन्हैया के पूजन दर्शनकिए। जब भगवान लड्डू गोपाल के विमानों वमें भगवान गोविंद मुरारी के दर्शन कर फूल माला व मौसमी फल चढ़ाएं।

वहीं महिला व पुरुष से भगवान के दर्शन करने के बाद पालकी के नीचे होकर भी निकले और भगवान का आशीर्वाद लिया। इन डोल विमानों में बालाजी सिद्ध हनुमान मंदिर गंजबाजार, संत गाडगे रजक समाज माता वैष्णो दरबार समिति अस्पताल, शिव मन्दिर प्रजापति समाज, श्रीराधा किशन मंदिर यादव समाज आदि विमान चल समारोह में हुए शामिल।



## डोल ग्यारस पर सलामतपुर में धूमधाम के साथ निकला जुलूस



**सलामतपुर।** बुधवार को डोल ग्यारस पर्व कस्बे में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिरों में विराज मान भगवान जल विहार के लिए निकलें। यह जुलूस द्वारकाधीश मंदिर से शुरू होकर सरकारी अस्पताल से वापस होता हुआ हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। पंडित अशोक त्रिपाठी ने बताया कि डोल ग्यारस के पर्व पर मंदिरों में विराजमान भगवान पालकी में बैठकर नदी पर जल विहार के लिए निकलते हैं।

## जल विहार के लिए निकले भगवान लड्डू गोपाल, जगह-जगह हुई पूजा-अर्चना

**सिलवानी।** नगर में बुधवार को डोल ग्यारस के पावन अवसर पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया। भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति को सुसज्जित दो विमानों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पहला विमान श्रीराम जानकी मंदिर तथा दूसरा विमान कंठिया मंदिर से निकाला। दोनों विमानों में भगवान लड्डू गोपाल की आकर्षक मूर्ति विराजित की गई थी। श्रद्धालु विमानों को कंधों पर उठाए जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे।

बारिश के बावजूद लोग छातों और बारिश में भीगते हुए भगवान के दर्शन के लिए सड़कों पर डटे रहे। दोनों विमान शनिचरा पुरा क्षेत्र में एकत्रित हुए, जहां से संयुक्त चल समारोह की शुरुआत हुई। यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कई स्थानों से गुज़री। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना, आरती और पुष्पवर्षा कर



उनका स्वागत किया। चल समारोह में भजन मंडलियों ने भक्तिमय गीतों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। आयोजन में नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्यारस पर हर वर्ष यह परंपरागत आयोजन होता है, लेकिन इस बार बारिश के बीच निकली शोभायात्रा ने श्रद्धा और समर्पण की एक नई मिसाल पेश की। इस आयोजन ने केवल धार्मिक आस्था को जीवंत किया, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक भक्ति का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## मनमोहक विमान में बैठकर नगर परिक्रमा पर निकले श्रीकृष्ण



**बाड़ी।** जल झूलनी एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण विमान पर नगर भ्रमण पर निकले। नगर के भुजी के मंदिर से श्री कृष्ण का विमान प्रारंभ हुआ। मंदिर पुजारी पं. चंद्रप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में विमान निकाला। दूसरा विमान नगर के प्राचीन भूतेश्वर धाम के अध्यक्ष संजय सोनी के मार्गदर्शन में मंदिर से विमान निकला।

दोनों विमान नगर भ्रमण पर निकले, जहां भक्तों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा महिलाओं ने मंगल गीत गाए और आरती उतारी। आयोजन समिति के साथ नगर के लोग इस महोत्सव में साक्षी बने। भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बारना नाव घाट पवित्र स्थल पहुंची। यहां पर भारी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे नाव घाट पर जल विहार महाउत्सव में शामिल होकर महा आरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर नगर के धार्मिक सामाजिक, राजनीतिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कर भगवान श्रीकृष्ण से नगर की शांति हेतु प्रार्थना की।

इस वर्ष हिउस व छोटे मंदिर के सदस्यों ने शहर में तीन विमान एक साथ निकाले जिससे शहर में एक अलग ही धार्मिक वातावरण बन गया। इस बार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जस्सी अटवाल व उनकी टीम ने शहर में प्रथम धार्मिक आयोजन के रुप में डोल ग्यारस महापर्व को भव्यता से मनाने के लिए छोटे मंदिर से ही पुष्प वर्षा व आतिशबाज़ी कर विमान निकाला।

विमान ब्लाक कार्यालय में स्थित पंचमुखी हनुमान जी मंदिर पहुंच, जहां पुजारी ने लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की। हिउस ने जहां जहां से विमान गुजरे वहां कालीन बिछाकर और पुष्प वर्षा कर विमान का स्वागत किया। विमान के स्वागत के लिए अटवाल आफिस के सामने मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी जिसमें पुनः सिंधीकेंप की गोपाला टीम ने ईनाम जीता।

## नए पंचायत भवन का विधायक डॉ चौधरी ने किया लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज, दीवानगंज।** ग्राम पंचायत दीवानगंज में नए पंचायत भवन का बुधवार को विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने फीता काट कर लोकार्पण किया। इस मौके पर सरपंच, सचिव, पंच और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक ने भवानी चौक पर स्थित गणपति बप्पा की झांकी पर विधि विधान से पूजन किया।

कार्यक्रम से पहले सरस्वती की पूजा अर्चना कर कन्याओं की पूजा की गई। इस मौके पर सरपंच गिरजेश नायक, रितेश अग्रवाल, संतोष शर्मा, मनोज अग्रवाल, हरीश मालवीय, दातार सिंह, मनोज अग्रवाल, एमएल अहिरवार, प्रीति कहार सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## बारिश की फोहारों के बीच विमानों में सवार होकर निकले भगवान गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बुधवार को नगर की परंपरानुसार विमानों में सवार भगवान लड्डू गोपाल बुंदेलखंडी मोहल्ला में सोनी जी के यहॉ एकत्रित हुए। दोपहर में रिमझिम बारिश की बौझारों के बीच विमानों (डोल) का चल समारोह धूमधाम से प्रारंभ हुआ। स्थान-स्थान और घरों में भगवान लड्डू गोपाल की विशेष पूजन, केला, ककड़ी, पंजीरी, खिचड़ी और फलों का भोग अपर्ण किया। विमानों के चल समारोह में हिउसके पदाधिकारियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति और सक्रियता बनी रही। नबावी शासन के दौरान से नगर के मंदिरो, भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों द्वारा डोल ग्यारस पर विमान निकालने और उन्हें नदी तट पर पहुंच कर जल बिहार कराये जाने की परंपरा है। विमानों (डोल) को सजा कर उनमें भगवान लड्डू गोपाल को बैठा कर नगर की प्रमुख सडक़ों, बाजारों में भ्रमण कराया जाता है।



### बारिश के बीच निकले विमान

वर्षो बाद डोल ग्यारस पर दो दिनों से लगातार बारिश के बीच विमान निकालने की स्थिति बनी। प्रतिवर्ष डोलकी संख्या कम हो रही है। इसके बाद भी भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को डोल में बैठाकर नदी तट पहुंचकर जल बिहार कराये जाने जल झूलनी ग्यारस मनाने की परंपरा बनी हुई है। सनातनी परिवारों द्वारा विमानों में विराजे भगवान लड्डू गोपाल का विशेष पूजन और नगर के विभिन्न स्थानों पर मोर मुकुट वाले भगवान श्रीकृष्ण लड्डू गोपाल के जयकारें, शंख, झालर की ध्वनि गूंजती रही।

**सुबह खुले बारना बांध के चार गेट-शाम को दो गेट किए बंद**

# दूसरे दिन भी चला रुक-रुक कर बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पिछले चार दिनों से नगर एवं क्षेत्र में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। मंगलवार के बाद बुधवार को दूसरे दिन सुबह से शाम तक लगातार बारिश होने से अब चहुंओर पानी ही पानी भारी नमी कीचड हो गया है। सितंबर माह में दूसरी बार बारना बांध के सुबह 4 गेट डेढ-डेढ मीटर खोलकर पानी निकालना शुरू किया। शाम को 2 गेट बंद कर दिए, 2 गेट को एक-एक मीटर खोलकर बांध से पानी निकाला जा रहा है। लगातार बारिश के असर से ग्रामीण गांवो घरो में कैद से हो गए है।

अभी भादौ माह का आखिरी सप्ताह चल रहा है। रविवार से क्षेत्र में बारिश का सिलसिला शुरू हुआ और थमने का नाम नहीं ले रहा है। 4 दिनों से हो रही बारिश के असर से ही सितंबर माह के तीन दिनों में दो बार बारना बांध के गेट खोलने की स्थिति निर्मित हुई। इससे पूर्व जुलाई, अगस्त के महिनों में 6-7 बार बारना बांध के गेट खोले जा चुके है।

बाड़ी स्थित बारना बांध अगस्त माह में ही अपनी पूर्ण जल भराव क्षमता 348.52 मीटर के निकट अनेक बार पहुंच चुका है। इसी कारण जैसे ही जोरदार बारिश होती है। बारना बांध से अतिरिक्त पानी गेट खोलकर निकालना शुरू हो जाता है।



### चहुंओर पानी, नमी की अधिकता

*जिस प्रकार दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। उसके असर से नदी नालों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। बढ़ते जल स्तर के कारण एक बार फिर नदी नालों में बाढ़ और निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति बनने लगी है। कभी तेज कभी रिमझिम बारिश से हवाओं में ठंडक भारी नमी के साथ जहॉ देखो वहॉ पानी नजर आने लगा है। 4-5 दिनों पूर्व तक धान के खेतों में पानी की कमी से फसलें प्रभावित हो रही थी, अब धान की क्यारियों में भरपूर पानी भरा नजर आने लगा है।*

# अभियान की सफलता के लिए मनोयोग व समन्वय के साथ करें काम: कलेक्टर

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

बुधवार की सांची के गेटवे रिट्रीट होटल में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी रेस्पॉसिव गर्वेनेंस प्रोग्राम विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई।

कार्यशाला के प्रारंभ में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से कहा कि 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत जनजातीय समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। यह एक ऐसा अवसर हमें प्राप्त हुआ है जिसमें हम योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुचाएंगे।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजातीय कल्याण के लिए उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देना है, जिससे विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय परिवारों की समान भागीदारी हो। अभियान में शासकीय अधिकारी आदि कर्मयोगी के रूप में शामिल होंगे। अभियान की मंशा को धरातल पर उतराने के लिए सभी को आगे बढ़कर कार्य करना होगा। उन्हें जिले की टीम की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास है तथा सभी मिलकर यह कार्य पूर्ण करेंगे। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया।

